• जयपुर, बुधवार, 2 अक्टूबर 24 • वर्ष 14 • अंक 47 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000 जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 लंबे समय के बाद खुली हाउसिंग बोर्ड की ई-नीलामी...

पेज @4 राजस्थान के अंदर विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं : अजिताभ ...

पेज @8 भाजपा के 10 साल के कुशासन से त्रस्त हरियाणा की जनता ने कांग्रेस...

# कांग्रेस का फॉर्मूला है ना काम करो ना दूसरों को काम करने दो: पीएम मोदी

**पलवल/एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पलवल में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, उत्साह और उमंग से भरा हुआ ये दृश्य, चुनाव के नतीजों का एहसास दिला रहा है। आपके आशीर्वाद के लिए, आपके सहयोग के लिए हम आपके बहुत-बहुत आभारी हैं। हरियाणा में तो चुनाव अभियान चल रहा है। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण का मतदान हो रहा है। वहां बहुत भारी संख्या में लोग लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा ले रहे हैं। मैं जम्मू-कश्मीर के सभी मतदाताओं से कहूंगा कि वे अपना वोट जरूर डालें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस का फॉर्मूला है ना काम करो ना दूसरों को काम करने दो। कांग्रेस की राजनीति केवल झूठे वादों तक समिति रहती है, जबकि भाजपा की राजनीति मेहनत करना और परिणाम लाकर दिखाने पर केंद्रित है। कांग्रेस कभी खुद मेहनत नहीं करती। कांग्रेस को लगता था कि 10 साल हो गए हरियाणा वाले उन्हें थाली में परोस कर सत्ता दे देंगे। यही गलत फहमी कांग्रेस को मध्य-प्रदेश में थी। हरियाणा का तो ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि केंद्र में जिसकी सरकार रहती है, हरियाणा में भी उसी की सरकार बनती है। आपने दिल्ली में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाई, अब यहां हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाना आप लोगों ने तय कर लिया है।आज गांव-गांव में चारो तरफ भाजपा की लहर है।हर जगह एक ही आवाज गूंज रही है - भरोसा दिल से, भाजपा फिर से. मोदी ने कहा मैंने एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक हरियाणा की जमीनी राजनीति को देखा है।बीते दिनों हरियाणा के अलग-अलग क्षेत्र में मुझे चुनाव अभियान के लिए, जनता-जनार्दन के दर्शन के लिए जाने का अवसर मिला है।आज इस चुनाव की ये मेरी अंतिम सभा है।आपने भी मेरी इस चुनाव की आखिरी सभा को चार चांद लगा दिए हैं।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव :

# वाल्मीकि समाज के लोगों ने की पहली बार वोटिंग, पीएम मोदी को दिया धन्यवाद



**जम्मू/एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव में तीसरे चरण का मतदान हो रहा है। इस दौरान वाल्मीकि समाज ने पहली बार किया मतदान किया है। यह कई दशकों में पहली बार है, जब इस समाज के लोगों को मतदान का अधिकार मिला है। वर्षों से हाशिये पर रहे इस समाज के लोगों ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी का धन्यवाद अदा किया। तीसरे चरण के तहत जम्मू संभाग की 24 सीटों पर हो रहे मतदान के दौरान वाल्मीकि समाज के लोग गदगद नजर आए। इस दौरान इस समाज के कुछ वोटर्स ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए अपना अनुभव शेयर किया। वाल्मीकि समाज के एक 85 वर्षीय सदस्य ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, आज पहली बार वोट डाला है। बहुत खुशी हुई है। हमारे लिए यही मुद्दें हैं कि हमारे बच्चे कई साल पढ़ाई करने के बाद भी घर पर खाली बैठे हैं। गरीबों की सुनी जाए। वाल्मीकि समाज की एक युवा वोटर ने कहा, हर एक सरकार के वोट बैंक होते हैं। हमें जब वोटिंग का अधिकार नहीं था तो कोई कैसे हमारी सुध बुध लेता। हमारा दर्द सिर्फ मोदी सरकार ने समझा है। इसके लिए हम उनके शुक्रगुजार हैं। उन्होंने आर्टिकल 370 को हटाया, जिसके बाद हमारे लिए तरक्की के रास्ते खुल गए हैं। हमारे बच्चे बिजनेस, अच्छी नौकरी के जो सपने देखते थे, वह साकार हो रहे हैं। हमारे समाज का एक लड़का जेई बना है। मैं भी पढ़ाई में आगे बढ़ पाई हूं। मैं यही अपील करूंगी कि ऐसी सरकार को चुनें जो विकास को बढ़ावा दे। न की ऐसे लोगों को चुनें जो आतंकवाद और गलत कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं। 45 साल के एक वोटर ने कहा, काफी उत्सुकता है। 45 साल में मैं पहली बार वोट दे रहा हूं। मेरे साथ 84 साल के सज्जन खड़े हैं। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

## न्यूज़ अपडेट

### उदयपुर में आदमखोर पैंथर का आतंक, गोली मारने के आदेश जारी

**उदयपुर/एजेंसी ।** जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र में आदमखोर पैंथर के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताज़ा घटना में मंगलवार सुबह केलवो का खेड़ा गांव में एक महिला कमला कुंवर (55) की पैंथर ने गर्दन दबोचकर हत्या कर दी। महिला अपने घर के आंगन में काम कर रही थी, जब लेपर्ड ने उस पर हमला किया और उसे 100 मीटर तक घसीट कर ले गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर पैंथर भाग खड़ा हुआ, लेकिन महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके पहले, इसी थाना क्षेत्र में एक पुजारी विष्णु गिरी (65) की भी लेपर्ड ने हत्या कर दी थी।

बीते 12 दिनों में 8 लोगों की मौत हो चुकी है, और प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद आदमखोर पैंथर को पकड़ा नहीं जा सका। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश के बाद मुख्य वन संरक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने पैंथर को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए हैं। वन विभाग ने अब तक चार लेपर्ड पकड़े हैं, जिनमें से दो के दांत टूटे और घिसे हुए थे, लेकिन हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-27 को जाम करने की कोशिश की, लेकिन एसपी योगेश गोयल की समझाइश के बाद स्थिति नियंत्रण में आई। ग्रामीण महिला का शव उठाने से इनकार कर रहे हैं, जब तक लेपर्ड को मार नहीं दिया जाता।

### बिहार के भागलपुर में अचानक हुआ बम ब्लास्ट, 7 बच्चे घायल, खेलने के दौरान हुआ हादसा

**भागलपुर/एजेंसी ।** बिहार के भागलपुर जिले में एक बड़ा हादसा हुआ जब खेलते वक्त अचानक एक बम फटने से 7 बच्चे घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब बच्चे गली में खेल रहे थे। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके को घेर लिया गया है। भागलपुर स्स्क्क आनंद कुमार ने बताया, ...हबीबपुर थाना क्षेत्र में कुछ बच्चे खेल रहे थे जहां एक विस्फोट हुआ जिसमें कुल 7 बच्चे घायल हुए हैं। 4 बच्चों को मामूली चोट आई है लेकिन 3 बच्चों का अस्पताल में इलाज जारी है... घटनास्थल का मुआयना किया गया है... यह किस प्रकार का बम था और कितना शक्तिशाली था यह जांच के बाद पता चलेगा... यदि किसी विस्फोट का इस्तेमाल किया गया है तो वो किसने बनाया या कहां से आया इस पर भी जांच की जा रही है... अभी जो बताया गया है उसके अनुसार किसी के घर से सामान लाकर बच्चे खेल रहे थे जिसमें विस्फोट हुआ है...

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु वीर विजेता रैली को दिखाई हरी झंडी

## 7000 किमी का सफर तय करेंगे वायु योद्धा

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



भारतीय वायुसेना 8 अक्टूबर को अपनी 92वीं वर्षगांठ मनाने जा रही है। इस विशेष अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वायु वीर विजेता रैली को दिल्ली से रवाना किया। रैली लद्दाख के थोइस से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक 7000 किलोमीटर लंबी तय करेगी।

इस अवसर पर वायुसेना के एयर चीफ मार्शल अमनप्रीत सिंह समेत तमाम अधिकारी भी मौजूद रहे।

साथ ही दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज प्रवीण खंडेलवाल कमलजीत सेहरावत भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के जवानों को भी संबोधित किया। राजनाथ सिंह ने कहा, हमारे वायु वीर, आप सभी को मेरा नमस्कार। भारतीय वायुसेना विविधता, पराक्रम और बेहतरीन ऊंचाइयों के लिए जानी जाती है। हमें सर्वोच्च ऊंचाइयों को पार कर सदैव विजय रहना है। वायु वीरों के स्पर्श से ही भारतीय सेवा विजेता रहती है। गगन वीर, वायु वीर सेवा के आगे अपना सर झुकाता है।

उन्होंने वायुसेना की उपलब्धियों पर जोर देते हुए कहा कि वायुसेना ने देश की सुरक्षा और नागरिकों को हर आपदा से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वायु वीर लंबे समय से देश की सेवा कर रहे हैं। आकाशीय सेना ने रक्षा में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं और यह दिखाया है कि दुश्मन को सबक सिखाने के लिए हम उसके घर में भी जवाब दे सकते हैं। हमारी सरकार ने वायु सेना को और सक्षम करने के साथ-साथ आधुनिक युद्धक विमानों से लैस करने का काम किया है और आगे भी करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि इस रैली का उद्देश्य युवाओं को सेना के प्रति आकर्षित करना और वायु सेना के बारे में सही जानकारी देना है। वायुसेना की यह मुहिम अच्छे परिणाम देगी, ऐसा मुझे भरोसा है।

जानकारी के मुताबिक मेगा कार रैली में महिलाओं समेत 52 वायु योद्धा शामिल होंगे। वायु योद्धा 16 पड़ावों पर रुकेंगे, जहां वे विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। भारतीय वायुसेना का एडवेंचर सेल इस रैली का नेतृत्व कर रहा है।

# हरियाणा में कांग्रेस प्रत्याशी धर्म सिंह छोकर को झटका

## हाईकोर्ट ने गिरफ्तार करने के दिए आदेश

**चंडीगढ़/एजेंसी।**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के प्रत्याशी को झटका लगा है। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने समालखा से प्रत्याशी धर्म सिंह छौकर की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट ने धर्म सिंह छौकर के खिलाफ सुनवाई के दौरान कहा कि या तो कल तक वो खुद ही सरेंडर करें नहीं तो गिरफ्तारी होगी। दरअसल, कांग्रेसी नेता एवं विधायक धर्म सिंह छौकर के गैर जमानती वारंट जारी होने पर भी कार्रवाई नहीं हुई है।

याचिका में दावा किया गया है कि गैर-जमानती वारंट जारी होने के बावजूद कानून प्रवर्तन एजेंसियां कार्रवाई करने में विफल रही हैं और छोकर निर्वाचन क्षेत्र में खुलेआम घूम रहे हैं।छोकर और उनके बेटों पर धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह मामला पानीपत के समालखा से खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले वीरेंद्र सिंह द्वारा दायर याचिका के मद्देनजर हाई कोर्ट के समक्ष पहुंचा है।



आरोप लगाया गया है कि समालखा सीट से निवर्तमान विधायक धर्म सिंह छोकर कानून के परविधान को दरकिनार कर रहे हैं और गिरफ्तारी के डर के बिना चुनाव लड़ रहे हैं। याचिकाकर्ता ने कहा, पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ ईडी ने अदालतों को सूचित किया है कि वे आरोपित का पता लगाने में असमर्थ हैं, हालांकि, आरोपित खुलेआम प्रचार करके चुनाव लड़ रहा है, जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि राज्य के अधिकारी अदालतों को गुमराह कर रहे हैं और आरोपित विधायक के साथ मिलीभगत कर रहे हैं।

# मां की हत्या कर बेटा खा गया अंग-अंग, खाने के लिए पका रहा था दिल, हाईकोर्ट ने नहीं की रहम

**नई दिल्ली/एजेंसी।** मां की हत्या कर उसके अंग-अंग खाने के मामले को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपराधी को दी गई मौत की सजा बरकरार रखते हुए कहा कि यह नरभक्षण का मामला है। इस सजा के खिलाफ कुचकोरवी ने हाई कोर्ट में अपील की थी।

सुनील कुचकोरवी नाम के अपराधी को कोल्हापुर की जिला अदालत ने 2017 में मां की जघन्य हत्या करने और उसके अंगों को कथित तौर पर खाने के मामले में दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी और कहा था कि यह नरभक्षण का मामला है। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने फैसला सुनाया कि यह मामला 'दुर्लभतम में से दुर्लभतम' है, जिसमें दोषी के सुधार की कोई संभावना नहीं है। इसलिए उसकी मौत की सजा कम नहीं की जा सकती है। अदालती कार्यवाही के दौरान सात साल पहले हुए अपराध की खौफनाक कहानी भी कोर्टरूम में सुनाई गई, जिसमें बताया गया कि दोषी करार दिए गए कुचकोरवी ने न केवल अपनी 63 वर्षीय मां यल्लामा रामा कुचकोरवी की हत्या की, बल्कि उसने मां की लाश के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और उसके मस्तिष्क, हृदय, यकृत, गुर्दे और आंतों सहित कई अंगों को पकाकर खाया था। कथित तौर पर दोषी को तब पकड़ा गया था, जब वह मां की लाश से दिल निकालकर उसे पकाने की तैयारी कर रहा था। अभियोजन पक्ष ने बताया कि जब सुनील कुचकोरवी की मां ने शराब खरीदने के लिए उसे पैसे देने से इनकार कर दिया था, तब उसने मां की खौफनाक तरीके से हत्या कर दी थी।

## गोविंदा ने जारी किया ऑडियो संदेश

# नमस्कार, प्रणाम, मैं अब ठीक हूं, गोली निकाल ली गई

**मुंबई/एजेंसी।**



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गोविंदा को मंगलवार सुबह गोली लग गई। उन्हें उनकी ही बंदूक से गोली लगी, जिससे वह घायल हो गए। गोली लगने के बाद उन्हें इलाज के लिए सीआरआईटीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के डॉक्टर ने गोविंदा के पैर से गोली निकाल दी है। अभिनेता गोविंदा ने खुद एक ऑडियो संदेश जारी कर इस बात की जानकारी दी।

अभिनेता गोविंदा एक ऑडियो संदेश जारी कर कहा, नमस्कार, प्रणाम, मैं हूं गोविंदा। आप सभी लोगों, मां-बाप के आशीर्वाद और गुरु की कृपा से मैं ठीक हूं। मुझे गोली लगी थी, जिसे निकाल दिया गया है। मैं धन्यवाद देता हूं, यहां के डॉक्टर का और आप सभी लोगों की प्रार्थना के लिए आप सभी का धन्यवाद, प्रणाम।

बता दें कि मंगलवार सुबह 4.45 बजे अभिनेता गोविंदा कहीं जाने के लिए घर से निकल रहे थे। इसी दौरान कथित तौर पर बंदूक संभालते वक्त उनसे मिस फायर हो गया और उनके पैर में गोली लग गई। घटना के बाद तुरंत उन्हें इलाज के लिए सीआरआईटीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

गोविंदा के साथ हुई इस घटना की जानकारी सामने आते ही उनके फैंस काफी परेशान हो गए। लोग उनकी सलामती के लिए दुआ और प्रार्थना करने लगे।

बता दें कि गोविंदा ने कई फिल्मों में शानदार अभिनय किए हैं। वह कुली नंबर 1, हीरो नंबर 1, छोटे सरकार, हद कर दी आपने जैसी फिल्मों में बतौर मेन लीड काम कर चुके हैं।

# लूट की नियत से पलटाने वाले थे ट्रेन, पटरी के बीच रखा था लोहे का टुकड़ा, 2 गिरफ्तार

**बोटाद/एजेंसी।** गुजरात के बोटाद जिले में एक हैरान करने वाले मामले में, एक यात्री ट्रेन को पटरी से पलटाने की साजिश का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने इसके पीछे बड़ा नुकसान पहुंचाने की साजिश की आशंका जताई थी। पुलिस ने इस मामले में लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 25 सितंबर को कुंडली गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक लोहे का टुकड़ा रखा गया था, जिससे ओखा-भावनगर पैसेंजर ट्रेन टकरा गई थी। इस घटना के पीछे लूटपाट की मंशा थी। आरोपियों ने योजना बनाई थी कि ट्रेन पटरी से पलटने के बाद वे यात्रियों को लूट लेंगे। बोटाद के पुलिस अधीक्षक किशोर बलोलिया ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने घटनास्थल के पास से ही एक लोहे का टुकड़ा उखाड़कर रेलवे ट्रैक पर रख दिया था। पुलिस ने इन दोनों आरोपियों को अड़ोव गांव से गिरफ्तार किया है।

# हरियाणा में तीन चौथाई बहुमत से सरकार बनायेगी कांग्रेस: पायलट

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाने जा रही है। जनता ने कांग्रेस को विजयी बनाने का मन बना लिया है। जो लोग 300 पार, 400 पार का नारा लगाते थे जनता ने उनकी नकारात्मक सोच और घमण्ड का जवाब देते हुए लोकसभा चुनावों में बहुमत भी पार करने नहीं दिया। देश की जनता ने भाजपा को आईना दिखाते हुए बता दिया कि आप घमण्ड और अहंकार से राज नहीं कर सकते, तानाशाही तरीके से राज नहीं कर सकते, आप लोगों की भावनाओं से खेलकर, मंदिर-मस्जिद की बात करके वोट नहीं ले सकते।





पायलट 30 सितम्बर व 1 अक्टूबर को हरियाणा के चुनावी दौरे पर रहे। अपने चुनावी कार्यक्रम के दौरान पायलट ने 30 सितम्बर को हरियाणा के विधानसभा क्षेत्र भवानी खेड़ा (जिला भिवानी) एवं फरीदाबाद एन.आई.टी. (जिला फरीदाबाद) तथा 1 अक्टूबर को घरौंड़ा (जिला करनाल), समालखा (जिला पानीपत), नांगल चौधरी (जिला महेन्द्रगढ़), हथीन (जिला पलवल) तथा बादशाहपुर (जिला गुड़गांव) विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया।

पायलट 2 अक्टूबर को हरियाणा के सोहना (जिला गुड़गांव) एवं जगाधरी (जिला यमुनानगर) तथा 3 अक्टूबर को महेन्द्रगढ़ (जिला महेन्द्रगढ़), तोशाम (जिला भिवानी), बरवाला (जिला हिसार), पलवल (जिला पलवल) विधानसभा क्षेत्रों के चुनावी दौरे पर रहेंगे।

सभाओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने देश और प्रदेश की भाजपा की सरकार के दस सालों के कुशासन को झेला है। किसानों को परेशान किया गया, उन पर लाठी-गोलियां चलायी गई, सैकड़ों किसानों ने शहादत दी। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म, जाति, मंदिर-मस्जिद की बाते करके वोट लेना जानती है। भाजपा का खाद, बिजली, पानी, सड़क, निवेश, विकास जैसे मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि भाजपा के दस सालों के कुशासन, भय, पक्षपात और भाई से भाई को लडाने की सोच, दमनकारी राजनीति का पुरजोर जवाब देते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें।

## जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहली पसंद है कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस अलायंस: पायलट

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहली पंसद है कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस अलायंस। यहां के लोगों ने कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन को विजयी बनाने का मन बना लिया है। विगत 10 सालों में भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की जनता की भलाई के लिए ऐसा कोई काम नहीं किया जिसके नाम पर जनता से वोट मांगे। भाजपा का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं माननीय सर्वोच्च न्यायालय को धन्यवाद देता हूं जिसके कारण आज जम्मू-कश्मीर में चुनाव हो रहे है।



पायलट ने 29 सितम्बर को जम्मू-कश्मीर के चुनावी दौरे के दौरान विधानसभा क्षेत्र उधमपुर पश्चिम (जिला उधमपुर) तथा नगरोटा (जिला जम्मू) में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए उक्त बाते कहीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा में जो लोग बड़े पदों पर बैठे है, वे लोकसभा चुनावों में 400 पार का नारा लगाते नहीं थकते थे। जनता ने उनके घमण्ड को तोड़ते हुए उन्हें बहुमत तक भी नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने कहा कि अपनी बैसाखियों की सरकार को बचाने के लिए केन्द्र सरकार अन्य राज्यों के साथ भेदभाव कर रही है। पायलट ने जम्मू-कश्मीर की जनता से अपील की कि भाजपा के 10 सालों के कुशासन को देखते हुए जम्मू-कश्मीर के विकास, यहां के लोगों की भलाई के लिए कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस अलायंस के प्रत्याशियों को विजयी बनायें।

## वैर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार की विफलताओं को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

**वैर (राजवीर सिंह)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश व्यापी आह्वान पर 1 अक्टूबर 2024 मंगलवार को राज्य में भाजपा सरकार की विफलताओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपखण्ड अधिकारी वैर को ज्ञापन सौंपा गया। यूथ कांग्रेस जिला महासचिव कुंवर पुष्पेंद्र सिंह गोठरा ने बताया कि यह ज्ञापन राजस्थान प्रदेश तथा जिले में चिकित्सा, शिक्षा, बिजली पानी तथा सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस कमेटी ने पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जन्मदिवस उपखण्ड कार्यालय वैर पर पौधारोपण कर मनाया गया। इस मौके पर सुगर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, धारा सिंह मीना ब्लॉक महासचिव, अमित कुमार एनएसयूआई, हजारी लाल, मुनीम धाकड़,उस्मान, इंग्लास,त्रिलोक, नौरंग मीना, मुखन गुर्जर, सुनील पूर्व चेयरमैन, सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### ''मेरे बाद क्या '' राजीव अरोड़ा ने किया पोस्टर विमोचन



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** वेल्थ पिरामिड द्वारा चलाए जा रहे अनूठे सोशल वेलफेयर अभियान '' व्हाट आफ्टर मी ''अर्थात ''मेरे बाद क्या,''का आज पूर्व राज्यमंत्री और विख्यात समाजसेवी और उद्योगपति राजीव अरोड़ा द्वारा श्रीगणेश किया गया, अभियान के बारे में बात करते हुए राजीव अरोड़ा ने कहा भारतीय समाज में मृत्यु और उसके बाद की कल्पना भी दिल दिमाग में एक भय उत्पन्न करती है और साधारण जन मानस मृत्यु के बाद की व्यवस्थाओं से नजर चुराता है और इसके बारे में कोई सुव्यवस्थित प्लानिंग नही करता है जिसके चलते उत्तराधिकार विवाद बढ़ता चला जाता है और अधिकांश केस में सही व्यक्ति को लाभ प्राप्त या तो नही हो पाता या बड़ी मेहनत मशक्कत के बाद हो पाता है। इस विकट स्थिति से एक अवेयरनेस अभियान चलाने का अनूठा प्रयास वेल्थ पिरामिड के संजय झांवर और युवा सीए पार्थ झांवर ने किया है वो प्रशंसनीय है। राजीव अरोड़ा ने अभियान का पोस्टर विमोचन करते हुए शहर के विभिन्न सामाजिक एवम आर्थिक संस्थानों से इस अनूठे अभियान में सहयोग की अपील भी की। पोस्टर विमोचन के सुअवसर पर यूनिराज एलुमिनी फेडरेशन के विक्रम रस्तोगी, बसंत जैन और नितिन शारदा भगेरिया भी उपस्थित रहे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरमथुरा द्वारा राष्ट्रपति के नाम सोपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** सरमथुरा उपखंड में आज दिनांकः-01 अक्टूबर 24 को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सामान्य गोविंद सिंह डोटासरा के जन्म दिवस पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन, उपखंड अधिकारी अमित कुमार को दिया गया, जिसमें प्रदेश भाजपा सरकार के 10 महीना के शासन की विफलताओं के कारण उत्पन्न समस्याओं का निराकरण हेतु प्रदेश सरकार को जन कल्याणकारी योजनाओं का निर्णय लेने हेतु निर्देश करने बाबत ज्ञापन दिया गया! इस अवसर पर हमारे क्षेत्रिय विधायक संजय कुमार जाटव, प्रधान द्रोपती देवी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा बरौली, प्रतिनिधि सुआलाल जाटव वरिष्ठ कांग्रेसी, योगेश कुमार एडवोकेट, अशोक त्रिपाठी, कयूम खान, नरेश मोतियापुरा युवा नेता, राजवीर मीना बरौली, चरण सिंह कंचनपुर, राजू मीणा खेमारी जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, राजकुमार बथुआ खो, मेवाराम गुर्जर, मथुरा, सुरेंद्र गुर्जर, सुरेंद्र मीणा बरौली, जितेंद्र सिंह मीणा बरौली, दिलशाद खान, रईस खान, सुना ठेकेदार, कलाम खान सदर, अशफाक हवलदार आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

### धौलपुर प्रदेश भाजपा सरकार के कुशासन में पिछले करीब दस माह से प्रदेश की जनता पर अपराध, बढ़ती महंगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर में आज दिनांकः- 1 अक्टूबर 24 को प्रदेश भाजपा सरकार के कुशासन में पिछले करीब 10 माह से प्रदेश की जनता पर अपराध, भडती महंगाई, बिगड़ीती कानून व्यवस्था, महिला अत्याचार, बेरोजगारी, बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली पानी के संकट, अवैध खनन एवं माफिया राज से पूरी तरह त्रस्त है। इसी को लेकर आज कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द डोटासरा के जन्मदिवस पर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम पर धौलपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही गांधी पार्क में कांग्रेस परिवारजनों के साथ प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह का जन्मदिन भी मनाया।

### जियो कर्मचारियों ने प्रदेश में दिया स्वच्छता का संदेश

- 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** रिलायंस फाउंडेशन की ओर से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जयपुर समेत राजस्थान के विभिन्न शहरों में स्थित रिलायंस जियो के कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जियो के कर्मचारियों ने एकजुट होकर कार्यालय परिसरों और उनके आसपास के क्षेत्रों में सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों और आम लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अभियान में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने शामिल होकर अपनी भागीदारी दिखाई और लोगों को कचरा न फैलाने और सफाई को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की भी अपील की।

## स्वाभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता स्वच्छता श्रमदान का आयोजन




**चमकता राजास्थान। धौलपुर( रामराज तरुण)।** नगरपालिका मंडल बाड़ी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता को ध्यान रखते हुए स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। जिसमे किड्स पैराडाइस विद्यालय की अध्यापिका, कुशवाह फाउंडेशन विप्र सेना नरेगा कर्मचारी द्वारा चंद्रशेखर आजाद गेट से तहसीलदार की तिवारिया तक स्वच्छता श्रमदान किया गया। जिसके माध्यम से लोगो को अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। विप्र सेना से ऋषभ शर्मा ने बताया कि हमें हमारे आस पास साफ सफाई रखनी चाहिए।सड़को को स्वच्छ एवम साफ रखना चाहिए । सड़को पर कचरा नहीं डालना चाहिए। पॉलीथिन का उपयोग कम से कम करे क्युकी पॉलीथिन खाने से जानवरो की मौत हो जाती है। पॉलीथिन को जलाने से हानिकारक गैस निकलती है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है।हमे कचरे के लिए डस्टबिन का उपयोग करके कचरे वाली गाड़ी में डालना चाहिए। उपस्थित लोगो में कुशवाह फाउंडेशन के अध्यक्ष रिंकू कुशवाह, किड्स पैराडाइज की अध्यापिका, विप्र सेना, नरेगा कर्मचारी, रामू चौधरी, टीम बेसिक्स से हरिसिंह राजपूत, किशोरी भटेले, सतीश गुर्जर, प्रमोद सारस्वत, कवित सारस्वत , राजकुमार कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा , जीतू कुशवाहा ,चंदन सिंह कुशवाहा, जतिन कुशवाहा राकेश नेताजी, रामू , भूरी , शिवम, अभिषेक , शिवा, कुनाल, वीरू, मनोज, उपस्थित रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्ध जनों का सम्मान



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच कार्यालय सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर कार्यशाला में वृद्धजनों का अभिनन्दन कर देखभाल और सहायता प्रणालियों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध का संकल्प लिया। संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी ने बताया कार्यक्रम में समाज सेवी राजन सरदार,मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट,नरेन्द्र कुमार पाण्डे एडवोकेट,कैप्टन महावीर सिंह चैहान, रामलाल जाट,नानू राम सैनी,शिवलहरी,गोगराज सैन,चिरंजी लाल,प्रभुनारायण शर्मा,राजेश,शरण शर्मा,कमला सैन,सावित्रि देवी,दुर्गा देवी शर्मा,मुकुट बिहारी अवस्थी,इंजि. नरेन्द्र कुमार पाण्डे,यतेन्द्र सक्सेना,धौलूराम मीणा,जितेन्द्र सिंह,दिविशा सिंह,वाणी सिंह,सनाया,मलिंगा,यशवन्त सिंह की उपस्थिति रही ! मुख्य द्वार पर तिलक,बैज,शाल,रूद्राक्ष भेंट कर समरसता अभिनन्दन किया गया,सम्मान में शिवा बैण्ड ने अपनी संगीत प्रस्तुति दी !

# राजस्थान में स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच को बढ़ाना स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण

चमकता राजस्थान

जयपुर। खलील कुरेशी। लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाना चाहते हैं, लेकिन स्टाफ की अनुपलब्धता और इलाज की वहनीयता जैसे कारक अक्सर उन्हें जिला अस्पतालों या निजी सुविधाओं की ओर धकेल देते हैं। यह तभी बदलेगा जब लोग अपने अधिकारों और पास के स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर सुविधाओं की मांग करेंगे। ये विचार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राजेंद्र भानवट ने जयपुर में कट्स द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परियोजना प्रारंभिक बैठक के दौरान व्यक्त किए। बैठक में स्वास्थ्य पेशेवरों, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और शैक्षणिक संस्थानों ने भाग लिया! और एक परियोजना के लिए रणनीतियों पर चर्चा की, जिसे कट्स द्वारा 'प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा जिलों में सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार' के लिए लागू किया जाएगा। इस परियोजना का ध्यान स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है।




यूनिसेफ राजस्थान के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. अनिल अग्रवाल ने स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच प्रेरणा की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए, कहा कि पहल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी और पर्यवेक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटे प्रभाव भी महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं, इस विचार को मजबूत करते हुए कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर प्रयास महत्वपूर्ण है।

इस बात पर भी ज़ोर दिया गया कि जागरूकता का महत्व प्रमुख है, जैसा कि प्रख्यात पत्रकार राजेंद्र बोरा ने उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ''हमें लोगों में विश्वास पैदा करना चाहिए ताकि इस परियोजना के अंत तक वे न केवल अपने अधिकारों को समझें बल्कि उन्हें प्राप्त करने के लिए सशक्त भी महसूस करें।''

कट्स के निदेशक अमृत सिंह ने स्वास्थ्य सेवा में कट्स के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में आदिवासी समुदायों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने इन बाधाओं को दूर करने के लिए जागरूकता और संवेदनशीलता के महत्व पर जोर दिया।

यूनिसेफ के तकनीकी सलाहकार विक्रम सिंह राघव ने आदिवासी जिलों में बच्चों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों के बारे में बात की। उन्होंने टीकाकरण दरों में खतरनाक अंतराल का उल्लेख किया, जिसमें कई बच्चे स्टंटिंग और वेस्टिंग का अनुभव कर रहे हैं।

ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजी के राज्य प्रबंधक ओम प्रकाश आर्य ने पोषण संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश डाला और खाद्य विविधीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। ''एक राज्य सर्वेक्षण के अनुसार, राजस्थान में आहार विविधता सबसे कम है,'' आर्य ने चेतावनी दी। उन्होंने इसे एक व्यावहारिक समाधान बताते हुए फूड फोंटीफिकेषन के बारे में जागरूकता पैदा करने का आ''ान किया।

कट्स के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अमर दीप सिंह ने एन एच एस आर सी के स्वास्थ्य देखभाल डेटा का उल्लेख किया, जिसमें दिखाया गया है कि राजस्थान का 'आउट ऑफ पा-केट एक्सपेंडीचर' (ओ ओ पी ई) राष्ट्रीय औसत से अधिक है, इसलिए राजस्थान में सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की पहुंच में सुधार की आवश्यकता है। बैठक में सामुदायिक संगठनों, स्वास्थ्य कर्मियों, और अन्य संबंधित गैर सरकारी संगठनों 60 से ज्यादा सदस्यों ने बैठक में भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान आवासन मंडल के कर्मचारियों को पदोन्नति की सौगात

- राजस्थान आवासन मंडल में 30 राज सेवकों की पदोन्नति
- विभिन्न 10 पदों के लिए की गई पदोन्नति
- आवासन मण्डल अध्यक्ष की अधयक्षता में आयोजित की गई बैठक


**चमकता राजस्थान। जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल की वरिष्ठ विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक प्रमुख शासन सचिव एवं आवासन मंडल अध्यक्ष श्री वैभव गालरिया की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में 30 राजसेवकों को पदोन्नति प्रदान की गई।

मुख्य अभियंता, वरिष्ठ लेखाधिकारी समेत 10 पदों पर पदोन्नति

बैठक के दौरान मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, उप आवासन आयुक्त, आवासीय अभियंता, उप वित्तीय सलाहकार, वरिष्ठ लेखाधिकारी, लेखाधिकारी, निजी सचिव, संपदा प्रबंधक और सहायक नगर नियोजक पदों पर पदोन्नति प्रदान की गई।

बैठक में आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा , प्रमुख शासन सचिव के प्रतिनिधि के रूप में उप शासन सचिव, नगरीय विकाश श्री रवि विजय, आवासन सचिव डॉ अनिल पालीवाल सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

### वृद्धजन समाज की अनमोल धरोहर - राजीव अरोड़ा



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को जयपुर के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में टाइम बैंक ऑफ़ इंडिया की तरफ़ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ नेता और जयपुर के ख्यात समाजसेवी राजीव अरोड़ा इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में अति वरिष्ठ नागरिक सम्मान से जयपुर शहर के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भूमिका से समाज के लिए सकारात्मक करने वाले वरिष्ठ जनों के सम्मान का यह कार्यक्रम यादगार बन गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव अरोड़ा ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज और राष्ट्र की अनमोल धरोहर हैं। ये अनुभव का खजाना है, जिन्होंने देश व प्रदेश को आगे बढ़ाने में अपना पूरा जीवन खपा दिया है। अरोड़ा ने कहा कि आज के युवाओं को वृद्धजनों के अनुभव से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण के लिए आगे बढ़ना चाहिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास विभाग

# डेल्फिक क्लब का उद्घाटन समारोह आयोजित

## राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और उसे आगे बढ़ाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है





चमकता राजस्थान

जयपुर। डेल्फिक काउन्सिल ऑफ राजस्थान ने कला एवं संस्कृति के प्रति युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य के विद्यालयों में स्थापित डेल्फिक क्लब की वार्षिक गतिविधियों का उद्घाटन समारोह भारतीय विद्याभवन विद्याश्रम स्थित प्रताप सभागार में आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती श्रेया गुहा ने किया।

श्रीमती गुहा ने राज्य की कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और उसे आगे बढ़ाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि डेल्फिक क्लब के माध्यम से आयोजित होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियां इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक लोक संगीत और नृत्य से लेकर बारीक शिल्प और वास्तुकला तक राज्य की समृद्ध विरासत पूरे विश्व में अलग पहचान रखती है। हमारा कर्तव्य है कि हम इन प्राचीन परंपराओं को संरक्षित करें और इन्हें नई ऊँचाइयां देने और वैश्विक पटल पर लाने के लिए नवाचार करें।

इस अवसर पर प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना मनीषा पाण्डे गुलियानी द्वारा एक विशेष नृत्य कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इसमें युवा प्रतिभागियों को कथक की बारीकियों और उसकी समृद्ध परंपरा को करीब से जानने और समझने का अवसर मिला। इसके अलावा कार्यशाला में विभिन्न नृत्य विधाओं का प्रत्यक्ष प्रस्तुतिकरण भी किया गया। कार्यक्रम में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त लोक कलाकार, श्रीमती अनीता प्रधान ने भी घूमर नृत्य के माध्यम से राजस्थानी लोक कला की अनूठी छवि प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान है, और इसे सहेजना हम सभी का कर्तव्य है। कन्टेपरेरी नृत्य में श्री प्रणय माथुर (बस्कर) ने विद्यार्थियों को नृत्य की विभिन्न विधाओं की बारिकियों से अवगत कराया। कार्यशाला में अनुभव प्रतिभागीयों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डेल्फिक काउन्सिल की अध्यक्ष श्रीमति श्रेया गुहा ने विद्याश्रम की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रिति सांगवान को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया तथा राज्य की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के ज्यादा से ज्यादा आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डेल्फिक क्लब ऑफ राजस्थान के अन्य सदस्य कीर्ति शर्मा, क्षिप्रा शर्मा, राहुल सूद, शबाना डागर आदि उपस्थित रहे।

# उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द्र विश्नोई ने कुशल नेतृत्व में दिया प्रभावी कार्रवाई को अंजाम

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने आठ बीघा सरकारी भूमि को किया अतिक्रमण मुक्त

### सड़क सीमा में आ रहे अवैध निर्माण हटाए





चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 01 अक्टूबर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में ग्राम रोजदा में जेडीए की फार्म हाऊस योजना की 08 बीघा सरकारीभूमिपरकियेगयेकब्जें-अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। साथ ही मुरलीपुरा क्षेत्र में बालाजी इन्जिनियरिंग कॉलेज के सामने 80 फीट रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रोजदा में जेडीए की फार्म हाऊस योजना की भूमि करीब 08 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर बनाये गये 05 पक्के मकानों, झोपडियां, पानी का हॉज, सीमेन्ट के पिल्लर लगाकर, तारबंदी कर किये गये कब्जें-अतिक्रमणों को जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशानदेही पर जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर उक्त सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-06, 12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।जेडीए द्वारा जोन-06 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मुरलीपुरा क्षेत्र में बालाजी इन्जिनियरिंग कॉलेज के सामने 80 फीट रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर बनाई गई 02 पक्की दुकानें, 07 टीनशेडनुमा अवैध निर्माणइत्यादिकियेगयेकब्जें-अतिक्रमणों को जोन-06 के राजस्व व तकनीकी की स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर कैलाश चन्द बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों को हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पी.बी.एक्स. न. 2210 पर 24×7 पर सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

# प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार को जगाने के लिए राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सोंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (अत्रि कुमार दाधीच)** । प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार आज प्रदेश में सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के कारण उत्पन्न जन समस्याओं के निराकरण के लिए महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित किया गया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के लगभग 10 माह के शासन की विफलताओं के कारण उत्पन्न जन समस्याओं से त्रस्त प्रदेशवासियों की मांग प्रदेश की सरकार तक पहुचांकर नींद से जगाने हेतु प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा जिलाधीश के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम 10 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन प्रेषित किया गया तथा प्रदेश सरकार से राज्य में अतिवृष्टि के कारण फसल खराबें का मुआवजा किसानों को शीघ्र देने, प्रदेश में बढ़ते महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, महिला एवं नाबालिग बच्चियों के साथ बढ़ती बलात्कार की घटनाएं, माफिया राज को रोकने हेतु तुरन्त ठोस कार्यवाही करने, बेरोजगार युवाओं को भ्रमित करना बंद कर कांग्रेस सरकार के समय निकाली गई भर्तियों को अपना बताकर झूठी वाहवाही लेना करते हुए नई नौकरियों की विज्ञप्ति निकाल नौकरी देने, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं-मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, ओल्ड पेंशन स्कीम, वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, इंदिरा रसोई (अन्नपूर्णा रसोई) आदि को चालू रख बजट देकर और अधिक प्रभावी बनाने, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए वादे की अनुपालना करवा कर हरियाणा के बराबर पेट्रोल-डीजल की कीमतें प्रदेश में करने, प्रदेश की टूटी एवं बदहाल सड़कों को तुरन्त ठीक करने, प्रदेश में भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों के मर्यादित बयानों पर शीघ्र रोक लगाकर प्रदेश में बिगड़ते भाईचारें को रोकने हेतु कारगर कदम उठाने, मुख्यमंत्री महोदय भ्रमण-भाषण-भ्रमित करने का कार्यक्रम छोड़ कर बेलगाम हो रही ब्यूरोक्रेसी पर लगाम कस मंत्री, विधायक, सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करवा कर जनता की समस्याओं को सुन व समझ कर समाधान करवा जनता को राहत दिलवाने, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की सभी योजनाएं एवं स्वीकृत विकास परियोजनाओं/कार्यों को समीक्षा के नाम पर बंद कर रखा है उन्हें शीघ्र शुरू करवाने, प्रदेश में नवम्बर एवं जनवरी में होने वाले नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों से एक राज्य-एक चुनाव के जुमले से उत्पन्न भ्रम की स्थिति को दूर कर शीघ्र नियत समय पर स्वायत्त संस्थाओं एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का कार्यक्रम जारी करवाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई।

चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर, गरीब एवं असहाय लोगों को भोजन व वस्त्र वितरण, वृक्षारोपण, निःशुल्क मेडिकल चैक अप कैम्प, अस्पतालों में मरीजों का फल वितरण, गौशालाओं में गायों का गुड़, लापसी एवं चारा खिलाने जैसे सामाजिक सरोकार के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का जन्मदिन मनाया। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सतवीर अलोरिया द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जयपुर देहात के पावटा कस्बे में जयपुर देहात कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र यादव तथा विनोद यादव द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन तथा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। मालवीय नगर एवं सी-स्कीम ब्लॉक कांग्रेस द्वारा भोजन पैकेट वितरित किए गए। विद्याधर नगर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तथा विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू शर्मा द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, तत्पश्चात क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेन्द्र भारद्वाज के नेतृत्व में गोविन्द सिंह डोटासरा के 60वें जन्मदिन पर गायों को 60 किलो गुड़, 60 किलो का केक गरीब बच्चों के बीच काटा गया, 60 किलो फल वितरण किया गया। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अभिषेक चौधरी द्वारा अनाथ आश्रम में निःशुल्क भोजन वितरण, गायों को हरा चारा व गुड़ तथा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। आमेर विधानसभा में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया।

अजमेर देहात के ब्यावर में आशीष पदावत, मनोज एवं प्रवीण जैन ने गौशाला में गायों को चारा खिलाया। पुष्कर में गायों को गुड़, लापसी एवं चारा खिलाया और केक काट कर पूर्व मंत्री श्रीमती नसीम अख्तर एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोटासरा का जन्मदिन मनाया। अलवर में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इंदिरा रसोई में निःशुल्क भोजन वितरण तथा राजीव गांधी पार्क में वृक्षारोपण किया गया। बारां जिले में जिला कांग्रेस द्वारा गायों को हरा चारा खिलाया और डोटासरा के जन्मदिन पर केक काटा गया। बाड़मेर जिलें में जिला कांग्रेस द्वारा केक काटा गया तथा इंदिरा रसोई में जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन करवाया गया। बांसवाड़ा के गढ़ी ब्लॉक में गायों को हरा चारा खिलाया व वृक्षारोपण किया गया। भरतपुर में जिला कांग्रेस द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया तथा इंदिरा रसोई में निःशुल्क भोजन वितरण किया गया। भीलवाड़ा के जिला कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामलाल जाट, जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी तथा अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा गायों को चारा तथा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया, शाहपुरा में संदीप जीनगर ने गायों का चारा खिलाया गया। बून्दी में जिला कांग्रेस द्वारा इंदिरा रसोई में निःशुल्क भोजन वितरण तथा केक काटा गया, चर्मेश शर्मा द्वारा गायों को चारा खिलाया गया। बीकानेर में शहर व देहा जिला कांग्रेस द्वारा गौशालाओं में गायों का चारा एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। चित्तौड़गढ़ में जिला कांग्रेस तथा प्रमोद सिसोदिया के नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना, सुरेन्द्र जाड़ावत, जिलाध्यक्ष भैरूलाल चौधरी, बद्री जाट, ललित बोरीवाल भी रहे। चूरू जिला कांग्रेस द्वारा मंदबुद्धि बच्चों के बीच केक काटा गया और उपहार दिया गया। दौसा जिला कांग्रेस कार्यालय में डोटासरा के जन्मदिन पर केक काटा गया जिसमें सांसद मुरारीलाल मीना तथा अन्य प्रत्याशी और अन्य कांग्रेसजन भी उपस्थित रहे। डूंगरपुर में जिला कांग्रेस द्वारा गायों को हरा चारा तथा सागवाड़ा ब्लॉक में इंदिरा रसोई में निःशुल्क भोजन तथा गौशालाओं में गायों को गुड़ एवं लापसी खिलायी गयी। धौलपुर में सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा वृक्षारोपण एवं गायों को हरा चारा वितरण का कार्यक्रम किया गया। साथ ही जिला कांग्रेस द्वारा विधायक रोहित बोहरा एवं संजय जाटव की उपस्थिति में विचार गोष्ठी और इंदिरा रसोई में निःशुल्क भोजन का वितरण किया गया। श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में रक्तदान शिविर, गायों को हरा चारा व गुड़, लापसी खिलाया गया। हनुमानगढ़ के सभी ब्लाॅकों में गायों को हरा चारा व गुड़, लापसी खिलायी गयी। इसके साथ ही जिला कांग्रेस द्वारा मूक-बधिर बच्चों को भोजन व फल वितरण तथा अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। जैसलमेर में जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। झालावाड़ में सभी ब्लॉकों में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया तथा जिला कांग्रेस द्वारा गरीब एवं असहाय लोगों को इंदिरा रसोई में निःशुल्क भोजन करवाया गया। झुन्झुनूं की सूरजगढ़ में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया और खेतड़ी में केक काटा गया और इंदिरा रसोई में निःशुल्क भोजन करवाया गया। जालोर में जिला कांग्रेस द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जोधपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस द्वारा गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया और गरीबों को निःशुल्क भोजन करवाया गया। कोटा देहात में जिला कांग्रेस द्वारा सघन वृक्षारोपण किया गया और स्कूलों में निःशुल्क भोजन एवं अध्ययन सामग्री बांटी गई। कोटा शहर में गौशालाओं में जिला कांग्रेस द्वारा गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। नागौर में जिला कांग्रेस एवं समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा केक काटकर जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन करवाया गया। राजसमंद में गायों को हरा चारा व गुड़, अस्पतालों में फल वितरण एवं निःशुल्क भोजन करवाया गया। सिरोही जिले में जिला कांग्रेस ने वृक्षारोपण किया। सीकर जिला कांग्रेस द्वारा कस्तूरबा गांधी मंदबुद्धि विद्यालय में बच्चों को निःशुल्क भोजन करवाया गया तथा गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। सवाईमाधोपुर में जिला कांग्रेस द्वारा अस्पतालों में फल वितरण तथा गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। डोटासरा के जन्मदिन पर टोंक जिला कांग्रेस द्वारा गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। प्रतापगढ़ जिला कांग्रेस ने केक काटा तथा गायों को हरा चारा व गुड़ लापसी खिलायी तथा अस्पतालों में फल वितरण किया गया। पाली जिले में विधायक भीमराज भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काट कर डोटासरा को जन्मदिन की बधाई दी। वहीं जिला कांग्रेस द्वारा गायों को हरा चारा व गुड़ लापसी खिलायी गयी, सुमेरपुर में मंदबुद्धि बच्चों को भोजन खिलाया गया। उदयपुर शहर जिला कांग्रेस द्वारा गौशालाओं में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया तथा स्कूली बच्चों में किताबें एवं अस्पतालों में फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। देहात जिला कांग्रेस ने गायों को हरा चारा व गुड़ लापसी खिलाकर डोटासरा का जन्मदिन मनाया। गोविन्द सिंह डोटासरा के जन्मदिन पर कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस तथा एनएसयूआई द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

'तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन' 2.0 के तहत संभाग स्तरीय स्टेकहोल्डर्स कार्यशाला आयोजित

# युवा वर्ग को तम्बाकू विमुक्त एवं नशा मुक्त जीवन हेतु प्रेरित करें : रश्मि गुप्ता संभागीय आयुक्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 01 अक्टूबर।** मंगलवार को जेएलएन मार्ग स्थित इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान मे ₹तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन₹ 2.0 के तहत संभाग स्तरीय स्टेकहोल्डर्स की एक दिवसीया कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला मे संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रही।संभागीय आयुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि तम्बाकू जनित रोगों से देश मे प्रतिवर्ष लाखों लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है, जो कि बेहद चिंता का विषय है। तम्बाकू उत्पादों के उपभोग के दुष्प्रभावों के विषय मे आमजन को अधिक से अधिक जागरुक किया जाना चाहिए।



उन्होंने अभियान के दौरान युवा वर्ग को तम्बाकू विमुक्त एवं नशा मुक्त जीवन हेतु प्रेरित किए जाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों राजीविका के माध्यम से महिलाओं का सहयोग लेकर, नारा लेखन व अन्य गतिविधियों मे उन्हे सम्बद्ध कर अभियान को गति प्रदान की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अभियान मे किया जा रहा प्रचार प्रसार का कार्य वास्तव मे प्रशंसनीय है। समाज मे तम्बाकू सेवन को एकदम से बंद नहीं किया जा सकता लेकिन सतत प्रयासो के जरिये इस दिशा मे सकारात्मक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।कार्यशाला मे संयुक्त निदेशक, जोन जयपुर डॉ. नरोत्तम शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ₹तम्बाकू

## संयुक्त सचिव नरोत्तम शर्मा ने डाला प्रकाश तम्बाकू फ्री यूथ कम्पेन कार्यशाला पर डाला प्रकाश

फ्री यूथ कैम्पेन₹ 2.0 के तहत वृहत स्तर पर जन-जागरूकता प्रसारित की जाएगी। कैम्पेन के तहत युवाओं को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसमे सभी को अपने साझा उत्तरदायित्व को समझकर अपना योगदान देना होगा। सभी की एकजुटता से ही तम्बाक मुक्त राजस्थान की संकल्पना साकार की जा सकती है।एएसपीओ, एनटीसीपी नरेन्द्र सिंह ने कैम्पेन के 60 दिवसीय कार्ययोजना के विभिन्न कार्यक्रमों की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला, ब्लॉक व ग्रामपंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को तम्बाकू सेवन के खतरों के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने दिनांकवार गतिविधियों के विषय मे विस्तार से चर्चा करते हुए कोटपा एक्ट के बारे मे बताया। साथ ही उन्होंने तम्बाकू एक्ट की 04 धाराओं के विषय मे विस्तार से बताया।कार्यशाला के टेक्निकल सेशन मे जिला सलाहकार, डीटीसीसी, सीकर डॉ. संजय शर्मा, सचिव, एसआरकेपीएस राजन चौधरी, सम्प्रति संस्थान के मुदित तिवारी, राजस्थान कैंसर फाऊंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, गांधी फाऊंडेशन के रमेश गांधी, खुशी बेबी संस्थान के डॉ. राजीव धाकड़ ने अभियान के सम्बन्ध मे अपनी प्रस्तुति दी। कार्यशाला में जिला जयपुर प्रथम, जिला जयपुर द्वितीय, दौसा, दूदू, अलवर, खैरथल-तिजारा, नीम का थाना, झुंझुनू, सीकर, कोठपुतली- बहरोड़ के सीएमएचओ, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सलाहकार, तम्बाकू प्रकोष्ठ, जिला आई ई सी समन्वयक और पुलिस, खाद्य- औषधि नियंत्रण व अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बारां जिले में थाना हरनावदाशाहजी पुलिस की कार्रवाई

- मारपीट व आगजनी के मामले में 18 महीने से फरार दंपति जयपुर से गिरफ्तार
- 10-10 हजार रुपये के है इनामी, जयपुर में मजदूरी कर काट रहे थे फरारी



**चमकता राजस्थान। जयपुर/बारां (खलील कुरैशी) 01 अक्टूबर।** जिले की हरनावदाशाहजी पुलिस ने मारपीट व आगजनी के 18 महीने पुराने मामले में आरोपी दंपति बीरमचंद भील पुत्र लटूर लाल (35) एवं उसकी पत्नी नटी बाई भील (32) निवासी बोरखेड़ी थानाहरनावदाशाहजी को जयपुर से गिरफ्तार किया है। फरार दंपति पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित है।एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि करीब 18 महीने पहले थाना हरनावदाशाहजी पर मारपीट एवं आगजनी का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें घटना के वक्त से ही फरार चल रहे आरोपी दंपति के काफी प्रयास के बाद भी गिरफ्तार नहीं होने पर इन पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया।लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी दंपति की तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी व सीओ जयप्रकाश अटल के सुपरविजन एवं एसएचओ बृजेश चौधरी के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना संकलन व कड़ी मेहनत से इन्हें जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी घटना के बाद गांव से अपनी पत्नी व बच्चों सहित पलायन कर जयपुर में छुपते हुए मजदूरी कर रहा था।

### परिवार था राजी ... इंटर-कास्ट मैरिज पर पंचायत ने सुना दिया तुगलकी फरमान

**मैनपुरी/एजेंसी ।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में एक बार फिर जातिवाद का कलंक लगा है। यहां पंचायत ने तीन परिवारों को अंतरजातीय विवाह करने के जुर्म में समाज से बहिष्कृत कर दिया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के खरपरी गांव में क्षत्रिय समाज के एक युवक ने चार साल पहले वंचित समाज की युवती से शादी की थी। इसके बाद युवक के पारिवारिक भाई ने भी करीब एक साल पहले वंचित समाज की युवती से शादी रचा ली। इस पर पंचायत ने दोनों परिवारों के साथ ही उनके रिश्तेदारों को समाज से बहिष्कार का फरमान सुना दिया।

पंचायत के इस फरमान के खिलाफ गांव के युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया है। युवाओं का कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से गलत है और किसी को भी अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने का अधिकार है। पंचायत ने यह भी फैसला लिया है कि जो भी परिवार इन बहिष्कृत परिवारों को अपने घर में बुलाएगा, उसे भी समाज से बहिष्कृत कर दिया जाएगा।

पंचायत द्वारा लिया गया यह फैसला भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन है, जो सभी नागरिकों को समानता और भेदभाव रहित जीवन जीने का अधिकार देता है। भारत में अंतरजातीय विवाह पूरी तरह से वैध है और किसी भी व्यक्ति को अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने का अधिकार है। पंचायत द्वारा लिया गया यह फैसला गैरकानूनी है और प्रभावहीन है।

यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि हमारे समाज में जातिवाद अभी भी गहराई तक रचा-बसा हुआ है। ऐसे मामलों में प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और जातिवाद के खिलाफ सख्त कानून बनाए जाने चाहिए।

एनडीपीएस-आर्म्स एक्ट के अतिरिक्त लूट, डकैती, फिरौती वसूलने जैसे 18 मुकदमे है दर्ज

# मारवाड़ की कुख्यात बिच्छू गैंग व सीआर गैंग के दो सक्रिय सदस्य मादक पदार्थ की तस्करी करते भीलवाड़ा में पकडे गये

## 6 लाख कीमत का 37.366 किलो अफीम डोडा चूरा सहित स्विफ्ट कार जब्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी) 01 अक्टूबर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर भीलवाड़ा जिले की करेड़ा थाना पुलिस ने मारवाड़ की बिच्छू गैंग व सीआर गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर एक स्विफ्ट कार जप्त की है। कार की डिग्गी से पुलिस ने 6 लाख कीमत का 37.366 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राकेश उर्फ राका उर्फ बिच्छु उर्फ आनन्दपाल पुत्र पेमाराम मेघवाल (22) निवासी मेघवालो का बास समोकी थाना जैतारण जिला ब्यावर का हिस्ट्रीशीटर तथा बिच्छू गैंग का सक्रिय सदस्य है। इसके विरुद्ध लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस




के कुल 13 मुकदमे विभिन्न थानों मे दर्ज है।एडीजी एमएन ने बताया कि सीआर गैंग के सक्रिय सदस्य बुधाराम उर्फ बुधराज विश्नोई पुत्र अचला राम (26) निवासी जून की ढाणी रावर थाना कापरडा जिला जोधपुर ग्रामीण के खिलाफ अपहरण, फिरोती मांगने, लूटपाट तथा गैंगवार के कुल 05 मुकदमे विभिन्न थानो मे दर्ज है। गिरफ्तार दोनों आरोपी अलग-अलग मुकदमों में न्यायालयों में वांछित है। एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित की गई टीम में भीलवाड़ा जिले से अटैच सदस्यों कांस्टेबल विजय सिंह व गोपाल धाबाई को सूचना मिली कि मारवाड़ में सक्रिय दो बदमाश मादक पदार्थ तस्करी कर भीलवाड़ा की तरफ आ रहे है। सूचना से थाना करेड़ा एसएचओ को अवगत कराया गया। जिनके द्वारा ओडिया तिराहे पर नाकाबंदी कर सन्दिग्ध स्विफ्ट कार को रुकवा अफीम डोडा चूरा जप्त कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

### पश्चिमी राजस्थान में सक्रिय है बिच्छू व सीआर गैंग

» बिच्छू गैंग पाली, अजमेर, भीलवाड़ा, जोधपुर, ब्यावर आदि जिलों में सक्रिय है जो रात के समय हाईवे पर अवैध हथियारों के बल पर लूटपाट–डकैती व नकबजनी की वारदातों को अंजाम देती है। सर्राफा व्यापारी इस गैंग के निशाने पर रहते हैं। वहीं सीआर ग्रुप जैतारण, पाली, जोधपुर में सक्रिय है। यह गिरोह अपहरण, फिरौती वसूलने व लूटपाट में कुख्यात है। जैतारण के ही एक दूसरे गिरोह एनआर ग्रुप से इसकी वर्चस्व को लेकर गैंगवार हो जाती है। सोजत रोड में प्रॉपर्टी व्यापारी का अपहरण कर एक करोड़ की फिरौती मांगने व पाली शहर में एलआईसी एजेंट से 21 लाख की लूट में सीआर ग्रुप का ही हाथ था। एजीटीएफ इन गिरोह के बारे में काफी लंबे समय से आसूचना संकलन कर रही थी इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित टीम के कांस्टेबल गोपाल धाबाई व विजय सिंह की इस कार्रवाई में विशेष भूमिका रही। टीम में एएसआई बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल रामनिवास, हेमंत शर्मा राकेश जाखड़, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, गंगाराम, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार और कांस्टेबल चालक दिनेश कुमार तथा करेड़ा थाना अधिकारी अर्जुन लाल गुर्जर मय टीम के शामिल थे।

# आयुष्मान भव:अभियान के तहत चिकित्सा संस्थानों पर बुजुर्ग नागरिकों की हुई द्वितीय जाँच

## मिला नि:शुल्क मेडिकल जांच सुविधाओं का लाभ

चमकता राजस्थान

जयपुर ( खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम , 1 अक्टूबर। प्रदेश में आयुष्मान भवः अभियान के अन्तर्गत हैल्थ मेले आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपस्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र) एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश के गरीब एवं बुजुर्ग नागरिकों को प्रत्येक वर्ष 4 मेडिकल जाँच चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित किये जाने वाले मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के दौरान निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। मंगलवार को चिकित्सा संस्थानों पर बुजुर्ग नागरिकों की द्वितीय जाँच की गई। ग़ौरतलब है कि बुजुर्ग नागरिकों की प्रथम जांच गत 21 अगस्त को की गई थी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ0 विजय सिंह फौजदार ने बताया कि जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एसएचसी एएएम) पर माह के



प्रत्येक शनिवार को, आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पीएचसी एएएम) पर माह के प्रत्येक गुरूवार को, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर माह के प्रत्येक बुधवार को, जिला चिकित्सालय पर माह के प्रथम एवं तृतीय शुक्रवार को तथा मेडिकल कॉलेज स्तर पर माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। शिविर के दौरान सीएचसी, जिला चिकित्सालय व मेडिकल कॉलेजों में रैफर किये गये मरीजों को प्राथमिकता प्रदान कर निर्धारित शिविर में परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैउप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता ने बताया कि ''प्रदेश के गरीब एवं बुजुर्ग नागरिकों को प्रत्येक वर्ष 4 मेडिकल जाँच चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित किये जाने वाले आरोग्य शिविरों के दौरान निःशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी। इस वर्ष गरीब एवं बुजुर्ग नागरिकों की प्रथम जांच गत 21 अगस्त को की गई थी। इसी कड़ी मे मंगलवार, 01 अक्टूबर को चिकित्सा संस्थानों पर बुजुर्ग नागरिकों की द्वितीय जाँच की गई। तृतीय जांच 1 दिसम्बर को तथा चतुर्थ मेडिकल जांच 10 मार्च, 2025 को चिकित्सा संस्थानों पर की जायेगी। मरीजों की जांच की सूचना ओडीके एप पर की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी एएएम), उप स्वास्थ्य केन्द्र (एसएचसी एएएम) पर आयोजित हो रहे 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर' में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

### काजू का तेल बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाया गया, कूलिंग ऑपरेशन जारी

**मोदीनगर/एजेंसी।** मोदीनगर स्थित पवनपुरी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित काजू के तेल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की 12 गाडियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया।

फैक्ट्री के एक हिस्से में काजू का तेल निकालने का काम होता था, जबकि दूसरे हिस्से में गत्ते के रोल बनाने का काम किया जा रहा था। आग मुख्य रूप से काजू का तेल निकालने वाले हिस्से में लगी और देखते-देखते विकराल रूप ले लिया।

आग की लपटें इतनी भयंकर थीं कि अन्य जनपदों से भी अग्निशामक गाडियों को बुलाना पड़ा। दमकल की 12 गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

### नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का मामला, आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

**भोपाल/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस घटना में संलिप्त आरोपी भी नाबालिग है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है। यह मामला 29 सितंबर का बताया जा रहा है। सागर जिले के थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया, नाबालिग बच्ची के साथ से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हमने अभी दो आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

नाबालिग बच्ची के मुताबिक, वह नदी किनारे नहाने गई थी। तभी कुछ युवक आए , जिनकी उम्र करीब 16 साल के आसपास रही होगी। इन युवकों ने उसे पकड़ लिया और झाड़ियों के पीछे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग ने बताया कि जब उसने शोर मचाना शुरू किया, तो मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इसके बाद पीड़िता ने अपने साथ हुए हादसे के बारे में ग्रामीणों को बताया।

# मोदी 'तूफान' की तरह गरीबों का पैसा निकाल कर, 'सुनामी' की तरह अडानी की तिजोरी में डाल रहे हैं : राहुल गांधी



**कुरुक्षेत्र/एजेंसी**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे पर जमकर हमलावर हुए। राहुल गांधी ने सोमवार को अपनी चुनावी विजय संकल्प यात्रा के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी गरीबों की जेब से 'तूफान' की तरह पैसा निकाल कर, 'सुनामी' की तरह अडानी जी की तिजोरी में डाल रहे हैं। जनता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'मेरा लक्ष्य है कि जितना पैसा उन्होंने अपने 'मित्रों' को दिया है, उतना पैसा मैं हिंदुस्तान के गरीबों, शोषितों और वंचितों को दूंगा।'

## 'अग्निवीर योजना' को बताया जवानों की पेंशन चोरी करने का तरीका

हरियाणा की कुरुक्षेत्र में विजय संकल्प यात्रा को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 'अग्निवीर योजना' जवानों की पेंशन चोरी करने का तरीका है। ये नरेंद्र मोदी की नहीं बल्कि अडानी की सरकार है। हरियाणा में 'अडानी की सरकार' नहीं चाहिए। यहां किसानों, मजदूरों और गरीबों की सरकार चाहिए।

## मोदी के खिलाफ सड़कों पर क्यों आया किसान : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार नया कानून बनाती है और कहती है कि किसानों के लिए कानून बनाए गए हैं। अगर ऐसा है तो सारे किसान इसके खिलाफ सड़क पर क्यों आए? क्योंकि किसान जानते हैं कि अब हमारी जेब से एक और तरीके से पैसा छीना जाएगा। अडानी खेत में मेहनत नहीं करते, कोई छोटा व्यापार नहीं करते, लेकिन हर सुबह उनके बैंक अकाउंट में सुनामी की तरह पैसा आ रहा है। जितना पैसा उनके अकाउंट में सुनामी की तरह घुस रहा है ,उतना ही पैसा आपके बैंक अकाउंट से तूफान की तरह निकलता जा रहा है।





## भाजपा ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है : सांसद शत्रुघ्न सिन्हा

- **शत्रुघ्न सिन्हा का दावा- मजबूत बनकर उभरेगा इंडिया गठबंधन**



**मुम्बई/एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने सोमवार को उम्मीद जताई कि उनकी पार्टी जिस 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा है, वह जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतेगी। अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा ने यह भी दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है और वह वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। शत्रुघ्न सिन्हा ने कुछ साल पहले भाजपा से अपना तीन दशक पुराना नाता तोड़ लिया था। सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा, 'भाजपा ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। इसके नेता इस बात से वाकिफ हैं, भले ही वे इसे स्वीकार न करें। इसलिए वे वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए तरह-तरह की बयानबाजी करते रहते हैं।' कांग्रेस में कुछ समय रहने के बाद तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए पश्चिम बंगाल के आसनसोल के सांसद ने कहा, 'मुझे लगता है कि 'इंडिया' गठबंधन, जिसने पहले ही अपनी छाप छोड़ दी है, आने वाले दिनों में और मजबूत बनकर उभरेगा। हमारे सहयोगी दल जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'

## दर्दनाक हादसा

# ट्रैक्टर ने मारी कार में टक्कर, 4 युवकों की मौत

**नोएडा/एजेंसी**


रविवार की रात दर्दनाक हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। नोएडा में ट्रैक्टर ने एक ऑल्टो कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार चार युवकों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। उसका इलाज नजदीक के मेट्रो अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर चालक फरार है। चारों युवक दिल्ली के न्यू कुंडली पॉकेट ए -2 के रहने वाले थे। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया की रविवार रात करीब 2 बजे एक ऑल्टो से 5 लड़के दिल्ली की ओर जा रहे थे। शिवानी फर्नीचर सेक्टर-11 के पास ट्रैक्टर ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में तीन युवकों की मौके पर मौत हो गई। एक को अस्पताल भेजा गया। वहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। एक का इलाज चल रहा है।उसे हल्की चोट लगी है। अस्पताल में भर्ती उत्तम ने पुलिस को बताया कि उनके साथी मोहित, विशाल, मनीष और हिमांशु की मौत हुई है।जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर की रफ्तार काफी तेज थी। वो गलत दिशा से आ रहा था। टक्कर इतनी तेज थी। कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से युवकों को कार से बाहर निकाला। जिसमें तीन की मौत मौके पर ही हो गई थी।



## 26 साल की फेमस यूट्यूबर ने की आत्महत्या, सोशल मीडिया पर मचा हंगामा



**इस्तांबुल/एजेंसी।** 26 साल की उम्र में फीमेल यूट्यूबर ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। वह इससे पहले खुद से शादी करने की वजह से खूब लाइमलाइट में आईं थीं। यूट्यूबर ने अपने अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान दी है। इसके बाद जैसे ही ये खबर आई हर कोई हैरान रह गया। कैसे कोई इतनी सी उम्र में अपनी जिंदगी को खत्म कर सकता है। जिस यूट्यूबर ने सुसाइड किया है वह टिकटॉक इंफ्लूएंसर कुबरा आयकुट थी। उनकी फैन फॉलोइंग लाखों में थी उनकी वीडियो उनके पोस्ट फैंस खूब पसंद करते थे और उनकी सुंदरता के भी कई दीवाने थे। अब उनकी मौत की वजह भी सामने आ रही है। तुर्की मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कुबरा आयकुट तुर्की की रहने वाली थीं। वह तर्किश की फेमस इंफ्लूएंसर थी। उन्होंने सोमवार को इस्तांबुल के सुल्तानबेली जिले में एक आलीशान अपार्टमेंट में सुसाइड किया। वह पांचवी मंजिल से कूद गईं। रिपोर्ट के अनुसार, वहां के लोकल ऑफिसर को आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी दी। यूट्यूबर की बॉडी से अधिकारियों को सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। कुबरा आयकुट ने मरने से एक- दो दिन पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इसमें वह काफी परेशान नजर आ रही थीं। उन्होंने अपने वजन न बढ़ने की परेशानी अपने फैंस के साथ शेयर की थी।



# गांधी जयंती के दिन झारखंड का दौरा करेंगे पीएम

## 83300 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्तूबर यानी गांधी जयंती के दिन झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे। इस दौरान वह दोपहर करीब 2 बजे 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, इस दौरान प्रधानमंत्री 59,150 करोड़ रुपये से अधिक के धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे।

### पांच करोड़ आदिवासियों को मिलेगा सीधे लाभ

पीएमओ के मुताबिक, यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉक के 63,000 गांवों को कवर करेगा, जिससे करीब पांच करोड़ से अधिक आदिवासियों को सीधे लाभ मिलेगा। इसमें किया जाएगा। यह पहल सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका के क्षेत्र में महत्वपूर्ण खामियों को दूर करने के लिए 25 लक्ष्यों पर आधारित है, जिसे भारत सरकार के 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा चलाया जाएगा।

### एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का उद्घाटन करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वह 2,800 करोड़ रुपये की लागत से 25 और स्कूलों की आधारशिला रखेंगे। ये स्कूल आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी 'प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखें, जिनकी कुल लागत 1,360 करोड़ रुपये से अधिक है। इन परियोजनाओं में 1,380 किलोमीटर से अधिक की सड़कें, 120 आंगनवाड़ी केंद्र, 250 बहुद्देशीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास का निर्माण शामिल है





# बिना डिग्री के इन फील्ड में बना सकते हैं अपना करियर

**कई बार पैसों की तंगी के कारण कई लोग अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप बिना किसी डिग्री या कोर्स के इन नौकरियों को कर सकते हैं। इन फील्ड में नौकरी कर आप हर महीने अच्छी कमाई कर सकते हैं।**

हर इंसान की यही चाहत होती है कि कॉलेज खत्म होने के बाद उनको एक अच्छी सी जॉब मिल जाए। ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सकें। लेकिन कई बार ऐसा नहीं हो पाता है। वहीं कुछ परिस्थितियों के कारण हम आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण अच्छी नौकरी मिलने में दिक्कत होती है। अगर आप भी ऐसी ही किसी समस्या से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको कुछ ऐसी नौकरियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आप बिना किसी डिग्री के भी पा सकते हैं।

## मेकअप आर्टिस्ट

आज के दौर में हर कोई अच्छा दिखना चाहता है। ऐसे में लोग मेकअप का सहारा लेते हैं। वहीं मेकअप आर्टिस्ट की डिमांड भी तेजी से बढ़ रही है। बता दें कि मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए किसी तरह की डिग्री की जरूरत नहीं होती है। हालांकि आप कुछ ऑनलाइन कोर्सेज जरूर कर सकती हैं। इन ऑनलाइन कोर्स की मदद से आप मेकअप की हर बारीकी को अच्छे से समझ सकती हैं। मेकअप के बारे में अच्छी जानकारी होने के बाद आप बतौर मेकअप आर्टिस्ट अपना करियर शुरू कर सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो खुद का सैलून भी खोल सकती हैं। इसमें आपको कमाई के अच्छे अवसर मिलेंगे।

## स्टाइलिस्ट

अगर आपको भी डिजाइन में रुचि है तो आप स्टाइलिस्ट को बतौर करियर शुरू कर सकती हैं। बता दें कि यह फील्ड ऐसा है, जहां आपको डिग्री से ज्यादा काम करना आना चाहिए। इस तरह आप वॉरड्रोब स्टाइलिस्ट और फैशन स्टाइलिस्ट बन अपने करियर को नई उड़ान दे सकती हैं। भले ही यह प्रोफेशन थोड़ा अलग है, लेकिन इस फील्ड में आपको शानदार सैलरी दी जाती है।

## सेलिब्रिटी मैनेजर

हर एक सेलेब्स अपने काम को मैनेज करने के लिए मैनेजर रखते हैं। क्योंकि अक्सर सेलेब्स को एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम करना होता है। इस नौकरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं होती है। इस तरह बिना डिग्री के आप आसानी से सेलिब्रिटी मैनेजर बन सकती हैं। इस फील्ड में सैलरी सुन आप दंग हो जाएंगी।

## वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी

अगर आपको भी फोटोग्राफी का शौक है तो वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी को बतौर करियर चुन सकते हैं। इसके लिए किसी डिग्री या कोर्स की आवश्यकता नहीं होती है। बेहतरीन फोटोग्राफी कर आप सोशल मीडिया पर इस फोटोज को सेल कर सकती हैं।

## प्रोफेशनल ब्लॉगर

आपने भी कई ब्लॉगर को देखा होगा। जो अलग-अलग विषयों के बारे में जानकारी देते हैं और लोग उनके काम को खूब पसंद भी करते हैं। बता दें कि ब्लॉगिंग आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। इस फील्ड में आप बिना किसी डिग्री व कोर्स के लाखों रुपए कमा सकते हैं।



**लॉ से ग्रेजुएशन करने के बाद छात्रों के पास कई सारे करियर विकल्प होते हैं। उनमें से सबसे अच्छे ऑप्शंस के बारे में हमनें इस आर्टिकल में बताया है। अगर आपने भी रूरुक्र की है और इनके बारे में जानने में इंटरेस्ट रखते हैं, तो यह आर्टिकल जरूर पढ़ें। आप अपने इंटरेस्ट के अनुसार इनमें से एक ऑप्शन चुन सकते हैं।**

# ये हैं लॉ ग्रेजुएट्स के लिए सबसे ज्यादा सैलरी वाली नौकरियां

लॉ के छात्रों के पास वैसे तो कई सारे करियर ऑप्शन हैं, पर अपने इंटरेस्ट के अनुसार एक ऑप्शन चूज करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। परंपरागत रूप से कानून के छात्रों से ग्रेजुएशन स्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुकदमेबाजी की प्रैक्टिस करने की अपेक्षा की जाती थी। हालाँकि, समय के साथ लॉ में करियर के अवसर बढ़े हैं, जिसने युवाओं को भारत में लॉ को करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया है। आइए जानते हैं इनके बारे में।

## जज

वकील के अलावा छात्रों के पास जज बनने का भी एक बेहतरीन अवसर होता है। जज बनने के लिए आपको उस राज्य में होने वाली जुडिशरी की परीक्षा को पास करना होता है। यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित करियर विकल्प है। न्यायाधीश के रूप में आपके ऊपर क़ानूनी व्यवस्था को सँभालने और उसे लागू करने, महत्वपूर्ण कानूनी निर्णय लेने की जिम्मेदारी होती है।

## कॉर्पोरेट वकील

अगर आपको बड़े कॉरपोरेट हाउस में काम करने का मन है, तो आप कॉरपोरेट लॉयर बनकर अपना सपना पूरा कर सकते हैं। कॉर्पोरेट वकील व्यवसायों को उनके कानूनी अधिकारों, दायित्वों और लेनदेन पर सलाह देते हैं। वे सीधे निगमों के लिए या कॉर्पोरेट कानून में विशेषज्ञता वाली कानून फर्मों के लिए काम कर सकते हैं। आपके अनुभव के अनुसार इसमें आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलती है।

## लिटिगेशन/ट्रायल वकील

अगर आप कोर्ट में जाकर अपनी वकालत प्रेक्टिस करना चाहते हैं तो आप ट्रायल वकील बन सकते हैं। ट्रायल वकील सिविल और क्रिमिनल मुकदमों में क्लाइंट का प्रतिनिधित्व करते हैं और अदालत में उनकी ओर से वकालत करते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों को संभालने से आपको पैसे और शोहरत दोनों मिलती हैं। कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू करने से पहले आपको अपनी रूरुक्र खत्म करने के बाद ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा पास करनी होती है और फिर उसके बाद अपने संबंधित राज्य में उसके बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराना होता है।

## सरकारी वकील

सरकारी वकील सरकार की तरफ से केस लड़ते हैं। वे स्थानीय, राज्य या संघीय स्तर पर विभिन्न सरकारी एजेंसियों के लिए काम करते हैं। वे कानूनी मामलों पर सलाह देते हैं और मुकदमेबाजी में सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन

अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन एक तरीका है जिसमें विवादों को सुलझाने के लिए कोर्ट के बाहर के विकल्पों का उपयोग किया जाता है। इसमें कोर्ट की लंबी प्रक्रिया और लागत से बचा जा सकता है। इसके तहत कई प्रकार के तरीके शामिल होते हैं, जैसे मीडिएशन और आरबिट्रेशन। इसका उद्देश्य विवाद को जल्दी से सुलझाना होता है। इसमें आप एक मिडिएटर के रूप में काम कर सकते है।



## कंटेंट राइटर

अनुभव और एक मजबूत पोर्टफोलियो वाले कानून के छात्रों के लिए लीगल कंटेंट राइटिंग एक प्रोमिसिंग और डायनामिक करियर ऑप्शन है। इसमें आपको काफी हाई पेइंग जॉब्स मिल जाते हैं जो आपके एक्सपीरियंस के अनुसार बढ़ती रहती है। आप सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट बन सकते हैं। इसके साथ-साथ आप लीगल कंसलटिंग और जर्नलिज्म में भी काम कर सकते हैं।

## लीगल एडवाइजर

लीगल एडवाइजर के रूप में आप व्यवसायों और संगठनों को कानूनी मामलों पर एक्सपर्ट एडवाइस प्रदान करते हैं। आप इंडिपेंडेंट या कंसल्टेंसी फर्म के जरिए काम कर सकते हैं। लीगल एडवाइजर्स की आज के टाइम में बहुत ज्यादा डिमांड है। सभी बिजनेस को विभिन्न कानूनी मुद्दों पर विशेष ज्ञान और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

## लॉ प्रोफेसर

लॉ प्रोफेसर लॉ स्कूलों में पढ़ाते हैं और लीगल रिसर्च करते हैं। टीचिंग हमेशा से एक नोबल प्रोफेशन रहा है और आप एक लॉ टीचर बन के छात्रों के साथ हमेशा जुड़े रह सकते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन दे सकते हैं। सरकारी कॉलेज में टीचर की सैलरी पैकेज भी बहुत अच्छे होते हैं।

## जज एडवोकेट जनरल अधिकारी

यदि आपका सपना इंडियन आर्म्ड फोर्सज ज्वाइन करने का है तो आप लॉ की पढ़ाई के बाद भी इसे ज्वाइन कर सकते हैं। आप जज एडवोकेट जनरल बनकर सेना में शामिल हो सकते हैं। भारतीय सेना का JAG अधिकारी मेजर होता है जो सेना के कानूनी और न्यायिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है। एक JAG अधिकारी सैन्य कानून या नीतियों की व्याख्या और उन्हें लागू करने में कोर्ट-मार्शल के पीठासीन अधिकारियों की मदद करता है।






# बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस कौन-सा कोर्स बेहतर है

**अगर आप भी करना चाहते हैं इंजीनियरिंग तो यह खबर आपके लिए है। बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।**

12वीं पास छात्र इंजीनियरिंग में करियर बनाने का सपना देख रहे हैं। लेकिन समझ नहीं आ रहा किस ब्रांच का चुनाव करना सही है। चिंता छोड़िए और हम आपको बताएंगे कि बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। बीटेक कंप्यूटर साइंस के साथ अब बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स भी मार्केट में काफी डिमांड में है। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।

## बीटेक कंप्यूटर साइस

अगर आप इंजीनियरिंग में करियर बनाना चाहते हैं तो आप कंप्यूटर एप्लीकेशन, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेटा बेस एनालिसिस के लिए बीटेक कंप्यूटर साइस कोर्स कर सकते हैं।

## बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस


जब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया तब से इसकी काफी डिमांड हो गई है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के जरिए लोग फोटो, लिखना और वॉइस आवाज निकाल रहे हैं। इसकी मांग काफी बढ़ रही है। कई टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे कोर्स शुरु किए गए हैं।

## किस कोर्स में सबसे ज्यादा कमाई

आज के समय को देखा जाए तो बीटेक कंप्यूटर साइंस डिग्री वालों को हाई सैलरी पर नौकरी मिलती है। वहीं, आने वाले समय में बीटके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की डिमांड बढ़ने वाली है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस की जानकारी रखने वाले को लाखों का पैकेज मिल सकता है।

## कौन कोर्स बेस्ट?

12वीं के बाद छात्रों को टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटके कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस का कोर्स कर सकते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के कई शॉर्ट टर्म कोर्स भी शुरु किए हैं। जिसे आप कर सकते हैं और आपको नौकरी मिल जाएगी।





**दुनिया में हर प्रकार का प्राणी हैं। कई लोग मेहनती होते हैं तो कुछ महा-आसली होते हैं। वहीं, कई तो लोग नौकरी के लिए ऑफिस का हर काम करने के लिए तैयार रहते हैं तो कुछ ऑफिस जाने के नाम से ही जी चुराने लगते हैं। अगर आप भी भागदौड़ वाली नौकरी नहीं करना चाहते तो आप घर बैठे इन नौकरियों से कमा सकते हैं लाखों रुपये।**

# भागदौड़ वाली नौकरी नहीं करना चाहते तो घर बैठे कमा सकते हैं लाखों रुपये

कोरोना काल के बाद से वर्क फ्रॉम होम का कल्चर काफी चल गया है। तब से वर्क कल्चर काफी बदल गया। आज भी कुछ जगह हाइब्रिड मोड में काम चल रहा है। आज भी कंपनियों ने एंप्लॉइज को परमानेंट घर से काम करने की सुविधा दे रखी है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो फिर से ऑफिस में जाकर काम नहीं करना चाहते हैं। इन लोगों को आप चाहे आलसी कहो या फिर घर से काम करने की आदत हो गई है। आइए आपको बताते हैं कुछ ऐसी नौकरियां जिन्हें आप कर सकते हैं। जहां आपको ऑफिस जाने की जरुरत नहीं है।

## शॉपिंग कंसल्टेंट

आमतौर पर शॉपिंग कंसल्टेंट काफी डिमांड में हैं। बता दें कि, इन्हें आप पर्सनल शॉपर भी कहा जाता है। अगर आपको शॉपिंग का शौक है और स्टाइलिंग तो यह जॉब आपके लिए ही है। नामी इंफ्लुएंसर्स, एक्टर्स, एक्ट्रेसेस और बिजनेसमेन मार्केट में पहचाने जाने की वजह से और बिजी लाइफस्टाइल की वजह से खुद शॉपिंग करने नहीं जाते हैं। वह शॉपिंग कंसल्टेंट या पर्सनल शॉपर हायर कर लेते हैं। आप भी कर सकते हैं यह मजेदार जॉब।

## बुक रिव्यू जॉब

अगर आप बुक पढ़ने के शौकीन हैं तो आप अपने शौक को अच्छी कमाई में बदल सकते हैं। इस कार्य को आप प्रोफेशनली भी कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात है कि आप जहां से चाहें, वहां से बुक्स रिव्यू कर सकते हैं। इसके लिए आपको ऑफिस जाने की जरुरत नहीं है। आप खुद भी लेखकों से टाई अप कर सकते हैं या किसी पब्लिशिंग हाउस से बात कर सकते हैं। आप बुक रिव्यू के ब्लॉग्स भी बना सकते हैं।

## फूड क्रिटिक

आप खाना-पीने के शौकीन हैं तो यह जॉब आपके लिए है। शुरुआत में आपको अपना नाम बनाने के लिए थोड़ी मेहनत करनी होगी, फिर आपको रेस्त्रां और कैफे वाले खुद ही इनविटेशन भेजने लगेंगे। फूड क्रिटका काम होता है, खाने-पीने की चीजों का रिव्यू देना। इस कार्य में ईमानदारी होनी चाहिए तभी लोग आपको आपके काम से पहचानेंगे। इस नौकरी में कोई वर्किंग आवर्स निश्चत नहीं होते हैं। आप अपनी मर्जी और शेड्यूल के हिसाब से यह काम कर सकते हैं।

## मैट्रेस टेस्टर जॉब

सोना तो सभी को पसंद है, अगर आप भी कुंभकरण की तरह सोते हैं, तो यह जॉब आपके लिए है। आपको सोने के पैसे भी मिलेंगे। दरअसल, गद्दे, तकिए बनाने वाली कई कंपनियां मैट्रेस टेस्टर हायर करने लगी हैं। इनका काम होता है गद्दे पर सोकर इसकी क्वालिटी टेस्ट करना और आपको बढ़िया सैलरी भी मिलेगी। वहीं स्लीपिंग पैटर्न पर रिसर्च करने वाले एक्सपर्ट भी लोगों को सोने के बदले लाखों रुपये देते हैं।

## वाइन टेस्टिंग जॉब

अगर आप वाइन पीते हैं तो यह नौकरी आपके लिए है। इसे टेस्ट करने से आप अपना घर चला सकते है। विदेशों की तरह अब भारत में भी टेस्टिंग जॉब्स खूब है। बता दें कि वाइन बनाने वाली कंपानियां और बार आदि में वाइन टेस्टर बुलाए जाते हैं। इन्हें नई वाइन पर अपना फीडबैक देना होता है। फ्रेशर के तौर पर आप 10-20 हजार रुपये कमा सकते हैं। कुछ सालों बाद जब अनुभव हो जाएगा तब आप 50 हजार रुपये कमा सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

## सावित्री बाई फुले पाठशाला में यूआ-ईडी अधिकारीयों ने लगाया स्वच्छता जनजागरुकता शिविर



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** शहर के आनद नगर कॉलोनी में स्थित अंबेडकर पार्क में चल रही निःशुल्क सावित्री बाई फुले पाठशाला में स्वच्छता जनजागरुकता शिविर लगाया , अधिकारीयों द्वारा छात्र- छात्राओं को समझाया स्वच्छता एक जीवन शैली भरतपुर शहर में आर.यू.आई.डी.पी. चतुर्थ चरण अन्तर्गत राजुल कुमार अधिशाषी अभियन्ता के मार्गनिर्देशन के क्रम में सामुदायिक जागरुकता एवं जनसहभागिता इकाई (कैप) द्वारा आनन्द नगर स्थित सावित्री बाई फुले पाठशाला के छात्र-छात्रओं के मध्य स्वच्छता ही सेवा विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पाठशाला संचालक टिन्कू सिंह आज़ाद ने कहा कि, स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्तवपूर्ण पहलू है और स्वस्थ जीवन की प्राथमिकता भी है। अतः हम सभी को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिये। इस क्रम में सोशल एक्सपर्ट मनीष कटारा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को समझाया कि, स्वच्छता का अर्थ है साफ-सफाई से रहने की आदत। हमें व्यक्तिगत और अपने आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिये। इसलिये महात्मा गांधी ने कहा था कि 'स्वच्छता ही सेवा है। स्वच्छता को बनाये रखने के लिये हमें इधर-उधर कचरा नही डालना चाहिये, कचरा हमेंशा कूड़ेदान में ही डालना चाहिये। हम स्वच्छता को अपनाकर ही अपने शहर को आदर्श बना सकते है। इसके अलावा ए.एस.डी. सुरेन्द्रपाल ने उपस्थित छात्र-छात्रओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई साथ ही स्वच्छता अपनाने के लिये दूसरों को भी प्रेरित करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम आयोजन में ममता कुशवाह, पूजा, अशोक सिंह ने महत्तवपूर्ण योगदान दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का किया सम्मान



**चमकता राजस्थान। धौलपुर से रामदास करो ।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने हाउसिंग बोर्ड वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गों से मुलाकात की। साथ ही उन्हें शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें जिले भर से आये वृद्धजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा की वृद्धावस्था जीवन का सत्य है। जो आज युवा है, वह कल बूढ़ा भी होगा। बुजुर्ग हमारी धरोहर है, बोझ नहीं, बुजुर्ग समाज की विरासत हैं। ये समाज को राह दिखाते हैं। उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक अनुभव होता है। इस दौरान उन्होंने कहा की सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन दे रही है। यह यथावत मिलती रहे इसके लिए वेरिफिकेशन करवाए एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवाए। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा कान की मशीन भी जरूरत मंद बुजुर्गों को दी गई। यात्रा हेतु रोडवेज बस पास भी मौके पर बनाए गए। चिकित्सा विभाग द्वारा बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। वृद्धाश्रम संचालक बृजेश मुखरिया ने वृद्धाश्रम की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, समाज सेवी रामदास अग्रवाल, संजय अग्रोहा, रंजीत दिवाकर सहित अन्य मौजूद रहे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन का लिखा पत्र



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक।** अजमेर /श्रीनगर ।अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ जन्म दिवस पर सोमवार को निर्वाचन विभाग के प्रतिनिधि के प्रतिनिधि गिरिराज चौहान ने मुंदड़ी मोहल्ला निवासी शतायु महिला संतोष पारीक को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन का लिखा पत्र सौपा। पत्र में महाजन ने युवा मतदाताओं को अपने संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित करने की बात लिखी उन्होंने पत्र में सतायु महिला संतोष पारीक को शुभकामनाएं दी। पत्र में बताया गया कि वरिष्ठ नागरिकों 85 + आयु वर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर, रेम्प ,स्वयंसेवक आने जाने की निशुल्क परिवहन सुविधा कतार रहित मतदान जैसी नई सुविधा की व्यवस्था की है ।फार्म 12 डी भरकर अपने घर बैठे बैठे मतदान कर सकते हैं।

## राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी करेगी सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**चमकता राजस्थान/(अत्रि कुमार दाधीच) जयपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर, 2024 को प्रातः 11 बजे प्रदेष कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, जयपुर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजन, प्रदेष कांग्रेस के पदाधिकारीगण, जयपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण तथा विभागों व प्रक ोष्ठों के पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देषानुसार 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा स्व. श्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी समारोहपूर्वक मनाई जाएगी।

# 119 वां वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र उद्घाटन समारोहः

## राजस्थान में अगले साल से पेश होगा ग्रीन बजटः दिया कुमारी

### वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण में 1450 वन रक्षकों में से 710 महिला वन रक्षक होना गर्व की बात

चमकता राजस्थान।

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में वानिकी सैटेलाईट प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में 119वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि महिला शक्ति हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। इस वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण में 1450 वन रक्षकों में से 710 महिला वन रक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यह गर्व की बात है। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में अगले साल ग्रीन बजट पेश किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद दिया कि उन्होंने इस बार मन की बात कार्यक्रम में राजस्थान में प्रभावी रूप से चलाये गए ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान का उल्लेख किया और 5 करोड़ 85 लाख पौधे लगाने की रिकॉर्ड उपलब्धि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैं सवाईमाधोपुर से विधयाक रही हूँ, मैं





जानती हूँ कि वन तथा वन्य जीवों की रक्षा एक महत्पूर्ण चुनौती है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली वन रक्षकों को इस वन और वन्य जीवों की रक्षा के महत्वपूर्ण कार्य के लिए जिम्मेदारी पूर्वक काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पर्यटन के साथ इकोपर्यटन भी महत्वपूर्ण है। राजस्थान सरकार इकोपर्यटन, वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित हो कर कार्य कर रही है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वन रक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वनों की कटाई रोकना, वन्य जीवों के शिकार को रोकना, वन्यजीवों की खोज कर उन्हें सुरक्षा देना, वनों का विस्तार करना, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करना, जंगल को आग से बचाना, वनों पर अतिक्रमण को रोकना, जंगल में काम करते हुए जंगली जानवरों, शिकारियों, असामाजिक तत्वों से सावधान रहना और वनों को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण करवाना ऐसी जिम्मेदारियों को मुस्तैदी से पूरा किया जाए। इसमें निर्णय क्षमता का बहुत महत्वपूर्ण रोल है। उन्होंने कहा कि कई चुनौतियां है जो आपके सामने आएंगी उनका आपको दृढ़ता से मुकाबला करते हुए अपने कर्तव्य का निवर्हन करना है।

## राष्ट्रीय पोषण माह का किया समापन

- महिला बाल विकास एवं मंजरी संस्थान यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में हुआ समापन
- रैली निकालकर दिया संदेशः सही पोषण देश रोशन

चमकता राजस्थान




भुसावर (राजवीर सिंह)। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सोमवार को वैर परियोजना के सेक्टर वैर सेकंड के आंगनबाड़ी केन्द्र जगजीवनपुर में महिला पर्यवेक्षक निशा अग्रवाल एवं सुनीता शर्मा के सानिध्य में राष्ट्रीय पोषण मेला का आयोजन किया गया इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर की जा रही पोषण गतिविधियों और पौष्टिक पोषाहार से बनी रेसिपी की प्रदर्शनी लगाई गई इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक निशा अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए महिलाओं और बच्चों का स्वस्थ होना जरूरी है जिसके लिए सतरंगी पोषाहार युक्त अन्न काम में लेना चाहिए ताकि उचित पोषण मिल सके उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से लगन से काम करने को कहा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विभाग की मुख्य धु-री हैं ऐसे में विभाग की योजनाओं के लाभार्थी वर्ग को अपनी सेवाएं नियमानुसार प्रदान करें और अधिक से अधिक बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाकर उन्हें प्री एजुकेशन प्रदान करें इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक और बेहतर कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया यूनिसेफ की सहयोगी संस्था मंजरी संस्थान की ओर से ब्लॉक समन्वयक विक्रम कुमार मंडल ने पोषण माह में कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की महिला पर्यवेक्षक सुनीता शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाएं हर लाभार्थी तक पहुंचे ताकि गर्भवती एवं धात्री व बच्चों को सही पोषण मिले ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ हो और कहां की वैर परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण माह में बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं जमीनी स्तर से अपना कार्य किया एवं सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण माह के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किये इसी के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने ताली बजाकर सप्तम राष्ट्रीय पोषण महा का समापन किया।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी राज्यस्तरीय अमृता हाट का उद्घाटन - 04 से 13 अक्टूबर तक जेकेके में होगा आयोजित



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** महिला अधिकारिता एवं बाल विकास विभाग द्वारा जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में राज्य स्तरीय अमृता हाट का आयोजन आगामी 04 से 13 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक, डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय अमृता हाट का उद्घाटन शुक्रवार, 04 अक्टूबर 2024 को सांय 6 बजे उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार राज्य मंत्री बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगी।

उन्होंने बताया कि राजस्थान के महिला स्वयं सहायता समूहों एवं महिलाओं द्वारा निर्मित/मूल्य संवर्धित उत्पादों की अमृता हाट में प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेल्फी पॉइंट, डू इट योर सेल्फ कार्नर, आत्मरक्षा प्रशिक्षण डेमो, फूड कोर्ट आदि इस राज्य स्तरीय अमृता हाट के आकर्षण के मुख्य केन्द्र होंगे।

# भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यकर्ताओं का आमजन से संपर्क बढ़ाने का बेहतरीन मौका, आज की मेहनत, कल आएगी कामः मदन राठौड

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली जिला समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज पाली जिले की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं से आ''ान किया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को आमजन में राष्ट्र चरित्र जागरूक करने का अवसर प्रदान कर रही है। पाली के निवासी राष्ट्र भक्ति में तो प्रसिद्ध है, अब भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्र चरित्र जागरूक करने की दिशा में भी कदम बढ़ाना है। सदस्यता अभियान के तहत 17 सिंतबर से शुरू किए गए सेवा पखवाडे का समापन और ''महा सदस्यता अभियान'' बुधवार 2 अक्टूबर को प्रदेशभर में मनाया जाएगा। ऐसे में हम सभी को गांधी जयंती के अवसर पर महा सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में आमजन को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवानी है।






भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने समीक्षा बैठक में पाली जिला भाजपा नेताओं से कहा कि आज सदस्यता अभियान में की गई मेहनत कल आपके काम आएगी। भाजपा एक नेता को जन-जन से जुड़ने का बेहतरीन अवसर प्रदान कर रही है। जिलाध्यक्ष से लेकर मंडल-बूथ स्तर के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करें और भाजपा सरकार की नीतियों को बताते हुए सदस्यता ग्रहण करवाएंगे तो लक्ष्य पूरा होगा ही, साथ ही आमजन का आप से सीधा संपर्क होगा। इसलिए बुधवार को हमें बूथ अध्यक्ष से संपर्क कर 5-5 सदस्यों की टोली बनानी है और सुबह से लेकर शाम तक एक दिन के लिए भाजपा की सदस्यता अभियान में सक्रिय रूप से सहभागिता निभानी है। राठौड़ ने पाली जिले की सभी छह विधानसभाओं से आए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सुझाव भी मांगे और उन पर अमल करने का आग्रह किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि आज समाज में विकृत मानसिकता वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। जवाई बांध के नजदीक रेल पटरियों पर सीमेंट के ब्लॉक रखकर रेल दुर्घटना करने का प्रयास किया गया। राजस्थान में इस तरह की एक-दो नहीं, दर्जनभर से अधिक वारदात हो चुकी है। बाली और सुमेरपुर के लोग जानते है कि कैसे कुछ उपद्रवी लोग समाज को तोड़ने और समाज में अशांति फैलाने का कार्य कर रहे है। आज के हालात ॲलार्मिंग पॉजिशन में पहुंच गए है। आज के हालातों पर विचार करने के साथ ही हम सभी को इन समाज विरोधी ताकतों के खिलाफ एकजुट होना होगा। हमें जागरूक होने के साथ अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता है। भाजपा सदस्यता अभियान इसके लिए और समाज के साथ जुड़ने का एक बेहतरीन माध्यम है। इसमें सक्रिय भूमिका निभाकर आप जिला स्तर के साथ प्रदेश या फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी बना सकते हो। इसके लिए इस अवसर या मौके को पकड़ने की आवश्यकता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ पाली प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। जिले के बोरनडी ग्राम में सेवानिवृत्ति एवं विद्यालय लोकार्पण समारोह में भी शिरकत की और समाज के भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। पाली समीक्षा बैठक में विधायक केसाराम चौधरी, शोभा चौहान, जिलाध्यक्ष मशाराम परमार, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, जिला प्रभारी मनोज शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चौधरी सहित सभी छह विधानसभाओं से भाजपा नेता, पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929